सार-समाचार

युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ

चूरू (निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र चूरू द्वारा मंगलवार को आईएसआई विश्वविद्यालय सरदारशहर के सभागार में सीमावर्ती क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण के लिए सांस्कृतिक परंपराओं का आदान-प्रदान जरूरी है। हम सभी अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजें और इसके उन्नयन के लिए संकल्पित रहें। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सत्यनारायण सहारण, डॉ. वी. के. स्वामी, डॉ. ओपी जांगिड़, अशोक भोजक, कालूराम, नीरज जांगिड़ व अनिल कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक डॉ. मंगल जाखड़ ने बताया कि राष्ट्रीय एकता व संस्कृति के आदान-प्रदान हेतु आयोजित इस 05 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश आदि पांच राज्यों के सीमावर्ती जिलों के युवा चूरू रहकर यहां की स्थानीय संस्कृति, जीवन शैली व लोक कला से रूबरू होंगे। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास की दिशा में युवाओं को स्थानीय परंपरा व संस्कृति के संरक्षण एवं मुख्य धारा से जुड़ने के उचित अवसर प्रदान करने हेतु बॉर्डर एरिया युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन देशभर में 25 स्थानों पर किया जा रहा है। इसी क्रम में माय भारत नेहरू युवा केंद्र चूरू द्वारा 11 से 15 फरवरी 2025 के बीच इस कार्यक्रम का आयोजन जिले में आईएएसई यूनिवर्सिटी (गांधी विद्या मंदिर) सरदारशहर के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सम्पत जांगिड़ व जितेंद्र शर्मा ने किया।

दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। यहां चौपड बाजार स्थित शहर भाजपा कार्यालय में मंगलवार को एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। शहर भाजपा की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष ललित पंवार, पूर्व भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, महेश शर्मा, मनोज शर्मा, प्यारे लाल कटारिया एवं अरूण चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, महेश शर्मा, मनोज शर्मा, प्यारेलाल कटारिया, वरिष्ठ पार्षद रामावतार पंवार, पूर्व महामंत्री जगदीश सैनी, अरुण सैन, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, एससी मोर्चा अध्यक्ष संतोष बाल्मीकि, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया, जिला मीडिया प्रभारी मयंक शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री रवि भार्गव, अंकित सुरोलिया, पूर्व युवा मोर्चा महामंत्री विक्रम तंवर, पूर्व पार्षद सम्पत कुमावत, अशोक पुजारी, कमल शर्मा, हरीराम कुमावत, पवन पारीक, राकेश सैन, पूर्व उपाध्यक्ष विजय शर्मा, प्रदीप पारीक, युवा नेता मुकुल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमे

खिरोड़ (निसं)। चिराना में दो दिवसीय पंचम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम का समापन सोमवार को भजन संध्या के साथ हुआ। श्री श्याम अखंड ज्योत सेवा समिति द्वारा रविवार को निशान यात्रा के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में दूसरे दिन बाबा श्याम का सुंदर दरबार सजाया गया। आचार्य रवि कुमार पारीक द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करवाई गई। बाहर से पधारे हुए भजन गायक कलाकरों ने मधुर भजनों कि प्रस्तुतियां दी। जिन पर भक्तगण आनंद लेकर झूम उठे। इस दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा कि गई। बाबा श्याम के छप्पन भोग लगाया गया। कार्यक्रम में लोहार्गल वेंकटेश बालाजी पीठाधीश्वर अश्विनीदास महाराज, खाटूश्याम मंदिर कमेटी सदस्य मानवेंद्र सिंह चौहान पहुंचे। जिनका समिति द्वारा सम्मान किया गया। बाबा श्याम की आरती के साथ ही भजन कीर्तन का समापन हुआ व छप्पन भोग प्रसाद वितरण किया गया।

इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी 18 से

झुंझुनूं, (निसं)। इंस्पायर मानक अवार्ड जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी का आयोजन 18 से 20 फरवरी तक जिला मुख्यालय पर स्थित रवि इंडियन पब्लिक सैकंडरी स्कूल में किया जाएगा। रोड नंबर तीन पर स्थित स्कूल में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी के बारे में एडीईओ सैकंडरी व इंस्पायर अवार्ड चयन समिति के सदस्य सचिव उम्मेद सिंह महला ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं जिले के 352 विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड मानक योजनान्तर्गत चयन हुआ है। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के पंजीयन का समय 18 फरवरी को सुबह नौ से 10 बजे तक रहेगा। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थी ने जो बेस्ट इनोवेटिव आइडिया अथवा प्रोजेक्ट अथवा मॉडल इत्यादि ऑनलाइन फॉर्म में प्रस्तुत किया है। वह ही जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे।

पोस्टर का विमोचन किया

सीकर, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) सीकर की ओर से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं एसीबी सीकर के डिप्टी एसपी रविंद्र सिंह शेखावत द्वारा एसीबी के टोल फ्री नंबर 1060 का पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान डिप्टी एसपी रविंद्र सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए 24 घंटे टोल फ्री नंबर 1064 उपलब्ध है। नागरिक वॉट्सऐप नंबर 9413502834 के जरिए या व्यक्तिगत रूप से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत लेते है तो तुरंत एसीबी में शिकायत करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सत्यापन के बाद शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।

नई एसडीएम ने पदभार संभाला

बुहाना, (निसं)। उपखंड पर सुमन देवी ने एसडीएम का पदभार संभाल लिया है। जिससे उपखंड क्षेत्र की जनता में बड़ी खुशी का माहौल है। क्योंकि एक साल से एसडीएम की कुर्सी पर स्थाई एसडीएम नहीं रूक पाए। जिससे आमजन व युवाओं के अनेक प्रकार के प्रमाण पत्रों सहित अनेक कार्यों के लिए परेशान होना पड़ रहा था। यह सीकर जिले से यहां एसडीएम के पद पर प्रथम नियुक्ति बताई जा रही है।

योगेश को डॉक्ट्रेट की उपाधि

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। सेवानिवृत्ति अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जानकी लाल सैनी के पुत्र योगेश कुमार सैनी को डाक्ट्रेट की उपाधि मिली है। उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के डॉक्टर अमन पाल सिंह के निर्देशन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। सैनी वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत है।

जिला निरस्त किये जाने के विरोध में धरना दिया

पाटन (निसं)। नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत रायपुर- पाटन में क्रामिक भूख हड़ताल पर रहकर धरना दिया, जिससे श्रीराम यादव, मालराम वर्मा, बहादूर गुर्जर, जगदीश सैनी, जगमाल निमोरिया, गोकुल चन्द यादव, जगदीश धोलीवाल, के.आर धोलीवाल व मुकेश निमोरिया ने धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

श्रीराम यादव ने कहा कि क्रामिक भूख हड़ताल से धीरे धीरे लगातार सभी पंचायतों में धरना दिया जायेगा जिससे क्षेत्र के सभी लोग जिला बचाओं संघर्ष समिति से जुड़ रहे हैं। इससे क्षेत्रवासीयों में जोश देखने को मिल रहा है, उसको देखकर ऐसा लगाता है कि नीमकाथाना को जिला हटाकर राज्य सरकार ने जो फैसला लिया उस फैसले के आगे राज्य सरकार को झुकना पड़ेगा। जल्द ही नीमकाथाना को जिला और सीकर को संभाग बनाना पड़ेगा।

मालाराम वर्मा ने कहा कि यहां की जनता ने जो आंदोलन किया है, वह केवल प्रशासनिक फैसले के खिलाफ नहीं, बल्कि यह भी एक संकेत है कि सरकार को जनहित में और संवेदनशील निर्णय लेने की आवश्यकता है। यदि इस तरह की समस्याओं को नजर अंदाज किया जाता है, तो यह भविष्य में और भी बड़े संकटों को जन्म दे सकता है। राज्य सरकार को नीमकाथाना को निरस्त करने के फैसले को वापस लेना होगा और जल्द से जल्द नीमकाथाना को जिला वापस बनाना होगा। सभी ग्रामवासियों ने पूरजोर विरोध प्रदर्शन किया। यदि इस तरह के मुद्दों पर सरकार की अनदेखी और असंवेदनशीलता बढ़ती है, तो जनता की नाराजगी और आंदोलन और भी तीव्र हो सकता है, जिसका असर पूरे राज्य की राजनीति पर पड़ सकता है। इसलिए, समय रहते नीमकाथाना जिला वापस बनाने के मुद्दे का समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अगर सरकार ऐसे ही इस मुद्दे को नजरअंदाज करती रही, तो यह न केवल नीमकाथाना बल्कि पूरे सीकर संभाग में असंतोष और उपेक्षा की भावना को बढ़ावा देगा। इससे शासन और प्रशासन की नकारात्मक छवि बनेगी, जो किसी भी सरकार के लिए नुकसानदेह है।

अंततः, यह स्थिति सरकार के लिए भी कठिन हो सकती है, क्योंकि हर आंदोलन के पीछे एक सशक्त जन समर्थन होता है, जो अगर बर्बाद हो जाए, तो उसका असर लंबे समय तक रहेगा।इसलिए, अब समय आ गया है जब सरकार को इस गंभीर मुद्दे का समाधान शीघ्रता से करना चाहिए, ताकि समाज में शांति और संतुलन बना रहे और जनता का विश्वास वापस लौटे। जिला बचाओं संघर्ष समिति के सदस्य भूपेन्द्र सिंह तंवर, राजपाल डोई, प्रवीण जाखड़, रामसहाय गुर्जर, बसंत यादव, राजेन्द्र आर्य भी शामिल रहे।दयालचंद सैनी, सरला यादव, बिटू कुमार, राजेश यादव, खिंवाला, महेश कुमार यादव, महेश सोनी, मुकेश महराणियां, शिम्भूदयाल यादव, रामदेव सैनी, लखमी धानका, बनवारी कुमावत, छीतर खां, मदन धानका, फौजीराम, नफीस खान, महेन्द्र गुर्जर, राहुल धोलीवाल, कैलाश स्वामी, महेन्द्र गुर्जर ने समर्थन दिया।

ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित

पाटन (निसं)। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संदर्भ व्यक्तियों पीईईओ की एक दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में पंचायत समिति सभागार में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश टेलर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में ब्लॉक के 22 ग्राम पंचायत के प्रधानाचार्य अथवा उनके प्रतिनिधियों के रूप में साक्षरता प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रशिक्षित के आरपी ओमप्रकाश चौधरी ने संभागियों को उल्लास ऐप,शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध उजास प्रवेशिका एवं लर्नर्स को दिए जाने वाले जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता आदि के बारे में जानकारी दी।ब्लॉक समन्वयक साक्षरता शिम्भु दयाल स्वामी ने महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं वाचनालय तथा लर्नर्स की कक्षाओं के संचालन, सर्वेयर शिक्षक, स्वयं-सेवी शिक्षक, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, साक्षरता प्रभारी, ब्लॉक समन्वयक एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आदि के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम हेतु निर्धारित दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए व महत्वपूर्ण जानकारी दी।

दुकान से सामान एवं नकदी चोरी

खिरोड़, (निसं)। चिराना कस्बे में सीकर कोटपूतली स्टेट हाईवे पर स्थित हार्डवेयर व सैनेट्री की दुकान पर चोरों ने हाथ साफ कर कीमती सामान व नगदी चुरा ले गए। दुकानदार चिराना निवासी देवराज सैनी ने गोठड़ा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। बताया गया कि 11 फरवरी को सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच दुकान के ताले व शटर तोड़कर करीब तीन चार अज्ञात चोर अंदर घुसकर हार्डवेयर, सैनेट्री व बिजली का कीमती सामान व गल्ले से करीब दस हजार रुपए चुरा ले गए।

जांच के लिए खाद्य वस्तुओं के 18 सैम्पल लिये

- खाद्य लाइसेंस शिविर में 22 लाइसेंस जारी किए

सीकर (निसं)। राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को चिकित्सा विभाग की ओर खाटूश्यामजी में खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया तथा खाद्य लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक महरिया ने बताया कि खाटूश्यामजी में लगाए गए लाइसेंस शिविर में 22 खाद्य लाइसेंस जारी किए गए।

उन्होंने बताया कि खाटू मेले को देखते हुए मेले में श्रद्धालुओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ व साफ सफाई के साथ मिलावट रहित खाद्य वस्तुए उपलब्ध हो। इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोवर्धन ख्यालिया व सुरेश कुमार ने खाटूश्यामजी में खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान खाद्य व्यापारियों को मिलावट रहित एवं शुद्ध व ताजा सामग्री बेचने के लिए समझाईस की गई। वही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जांच के लिए 18 नमूने लिए। टीम ने हल्दी, मिर्ची, धनिया, बेसन ,सूजी, रायता बूंदी, पनीर एवं तेल इत्यादि के नमूने लिए गए।

सैम्पलों को जांच के लिए जयपुर केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाया गया है। अवमानक पाए जाने की स्थिति में कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

ग्रामीणों ने विधायक का सम्मान किया

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड में समग्र शिक्षा विभाग के तहत पांच अंग्रेजी माध्यम स्कूल कक्षा कक्ष के लिए 62 लाख रूपए स्वीकृत करवाएं गए है। स्कूलों के विकास को लेकर बजट स्वीकृत होने पर ग्रामीणों की ओर से मंगलवार को विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर का सम्मान किया गया। विधायक प्रवकत्ता प्रभु राजोता ने बताया कि खेतडी उपखंड की राउमावि राजोता, महात्मा गांधी राउमावि रंवा, कांकरिया, ढाणी बहलवान नगर व राउमावि ढौसी स्कूल के कक्षा कक्षा के लिए विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने 62 लाख रूपए स्वीकृत करवाए। विधायक धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि शिक्षा हर क्षेत्र व समाज के जीवन जीने का आधार है। उन्होंने कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछे नही रहने दिया जाएंगा। समग्र शिक्षा विभाग के तहत बजट स्वीकृत हो रहे है, जिसके चलते खेतड़ी उपखंड के पांच विद्वालयों के लिए 62 लाख रूपए कक्षा कक्ष के लिए स्वीकृत हुए है। प्रत्येक स्कूल के कक्षा कक्ष की लागत बारह लाख चालिस हजार रूपए है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह तो एक छोटा सा कदम है जो भी विद्वालयों में कक्षा कक्ष की मरम्मत की आवश्यकता थी, जो नए कक्षा कक्ष का निर्माण करवाना था उसके लिए हर संभव प्रयास किए हैं।

नांगल भीम में जनसुनवाई आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा 12 फरवरी 2025 (बुधवार) को श्रीमाधोपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नांगल भीम में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई करेंगे।

रात्रि चौपाल प्रभारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी होंगे तथा तहसीलदार सहायक प्रभारी होंगे।

सार-समाचार

दिव्यांगता शिविर आयोजित

चूरू (निसं)। पंचायत समिति सभागार में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देश पर मंगलवार को दिव्यांगता शिविर आयोजित किया गया। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर में विशेष योग्यजन व्यक्तियों को सहायक अंग उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए शिविर में उपस्थित विशेष योग्यजन व्यक्तियों से अर्जुन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए गए। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से 20,000 (बीस हजार) रुपये तक के सहायक अंग उपकरण उपलब्ध कराए जाने के लिये अर्जुन पोर्टल व यूडीआईडी कार्ड के लिए स्वावलंबन पोर्टल पर नवीन आवेदन/लंबित आवेदनों के निस्तारण, दिव्यांगों के लिए संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने हेतु दिव्यांगता शिविर जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालयों पर आयोजित किये जा रहे हैं। शिविर प्रभारी व ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि शिविर में 13 दिव्यांगों के रोडवेज पास, 07 दिव्यांगों के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सहायक अंग उपकरण हेतु 31 दिव्यांगों के अर्जुन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन व 12 दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड हेतु आवेदन किया गया। शिविर में विकास अधिकारी महेन्द्र सिंह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के डॉ. सागर बिजारणियां, डॉ. भीकमचंद, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नेहा चौधरी, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के सुमेर सिंह, कुलदीप आलड़िया, छात्रावास अधीक्षक नरेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

कॅरिअर मेले का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आबूसर में कॅरिअर मेले का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) उम्मेद सिंह महला, अध्यक्षता प्राचार्या मीना, विशिष्ट अतिथि जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्र सिंह, राजकीय पॉलिटेक्निकल कॉलेज के प्राचार्य मोतीलाल आलड़िया, सहायक आचार्य अविनाश मील, प्रदीप ईशरवाल, केशरदेव, नीरज कुलहरि, जसवंत सिंह व बलवीर सिंह थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी महला ने कहा कि आजकल बच्चे और अभिभावक कॅरिअर के प्रति सजग है और सरकार भी काउंसलिंग कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चो का सहयोग कर रही है। लेकिन बच्चे आजकल एक परीक्षा में असफल होते ही मौत को गले लगा लेते है। आत्महत्या कर लेते है। यह गलत बात है। क्योंकि एक असफलता आपका भविष्य तय नहीं करती है। इसलिए विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनना होगा। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं नें भी अनेक क्षेत्र में कॅरिअर की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी मॉडल के माध्यम कॅरिअर कि जानकारी प्रस्तुत की। प्राचार्या मीना नें सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

बिना दहेज की शादी कर मिसाल पेश की

मुकुंदगढ़, (निसं)। सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 ओमदास महाराज की प्रेरणा से अनिता धीरज व अमरसिंह धीरज पूर्व सरपंच बहादुरवास सचिव बाबा खींवा दास शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान व जिला अध्यक्ष अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी शाखा झुंझुनू ने अपने सुपुत्र चि. डॉ. अक्षय संग डॉ. कंचन के संग नौ फरवरी को बिना दहेज के शादी करके समाज को इस कुरीति को छोड़ने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि बड़े बेटे डॉ. अर्पित संग डॉ. गरिमा जो कि पोर्टलैंड अमेरिका रहते हैं। उनकी शादी भी 2021 में बिना दहेज के ही की थी। यहां यह बता दें कि दहेज में चम्मच भी नहीं लेकर इस अनुकरणीय व प्रशंसनीय कार्य की सभी लोगों ने प्रशंसा की व दहेज न लेने का प्रण लिया।

जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 को

सीकर (निसं)। अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी आर.के. राठी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस 2 तथा जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 18 फरवरी 2025 मंगलवार को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में आयोजित की जायेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक : सैनी

- दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय गोपाल गौशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर गौ सेवा की गई व गौवंश को गुड़ व दलिया खिलाया गया।

इस अवसर पर वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के अलावा भाजपा नेता महेश बसावतिया एवं पूर्व झुंझुनूं ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष इंद्राज सैनी ने भी अपने विचार रखे। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उमाशंकर महमिया ने बताया कि वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उपाध्याय एक राजनेता ही नहीं बल्कि उच्च कोटि के विचारक, चिंतक और लेखक थे।

उन्होंने शक्तिशाली व संतुलित रूप में विकसित राष्ट्र की परिकल्पना की थी। अनेकता में एकता और विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय संस्कृति की सोच रही है। शिक्षा को लेकर उन्होंने कहा था कि शिक्षा एक निवेश है और आगे चलकर शिक्षित व्यक्ति समाज की सेवा करेगा। वे एकात्म मानववाद विचारधारा के समर्थक और भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती राजनीतिक दल भारतीय जन संघ के नेता थे।

राजनिति को लेकर उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा था कि अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय व्यक्ति नहीं बल्कि उसके सिद्धांतों को देखना चाहिए कि वह अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने वाला नेता हैं।

इस अवसर पर हनुमानप्रसाद खेतान, राकेश सहल, जगदीश गोस्वामी, पंडित हरिकिशन शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, श्यामसुंदर लालपुरिया, रमाकांत पुरोहित, अनिल जोशी, चंद्रप्रकाश जोशी, नरेंद्र ढाणीवाला, विनोद केडिया आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भगवान का अभिषेक और कीर्तन कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के फौज का मोहल्ला में निर्माणाधीन श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर में नित्यानंद त्रयोदशी के शुभ अवसर पर भगवान का अभिषेक और कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदनमोहन दास, डॉ. नवीन कांति दास, प्रमोद शर्मा प्रभु, सोमवीर प्रभु, संतोष एवं पवन केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, दामोदरप्रसाद अग्रवाल, पवन अग्रवाल गुढ़ावाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, महेश बसावतिया, चंद्रप्रकाश शुक्ला पार्षद, सुशील कुमार जोशी एडवोकेट, नवरत्न मंडावावाला सहित अन्य सभी हरिभक्तों ने अपने हाथों से नित्यानंद प्रभु का विधिविधान के साथ अभिषेक कर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में प्रभु के भजन कीर्तन नवदीप भक्ति देवी दासी और करुणामयी देवी दासी द्वारा किए गए और कार्यक्रम के पश्चात इस्कॉन मंदिर झुंझुनूं के प्रबंधक नवीन कांति दास द्वारा नित्यानंद महाप्रभु की आरती की गई एवं सभी हरिभक्तों को अभिषेक जल, पंचामृत एवं फल प्रसाद वितरण किया गया। विदित है कि दुनिया के 169 देशों में 800 से अधिक मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र स्थापित होने के बाद अब इस्कॉन मंदिर व सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कार्य शेखावाटी के झुंझुनूं में तिवारी की बगीची, फौज का मौहल्ला, मोदियों की जाव में शेखावाटी के पहले इस्कॉन मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जो कि दस करोड़ की लागत से तीन साल में बनकर तैयार होगा।

इस्कॉन मंदिर के हरिभक्त राधा मदन मोहन दास एवं नवीन कांति दास ने बताया कि श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि मंदिर (निर्माणाधीन) में अभी तक प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण निर्माणाधीन है। जिसके लिए सभी उदारमना दानदाता भामाशाहों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि नित्य सेवा हर व्यक्ति के लिए निस्वार्थ दान कार्यक्रम है। जो इस्कॉन झुंझुनूं से जुड़े हैं या जुड़ने के इच्छुक है। सभी दान राशि का उपयोग श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि भोग, वैष्णव सेवा, प्रसाद वितरण, प्रचार कार्यक्रम, उत्सव आयोजन, मंदिर की देखभाल एवं मंदिर निर्माण के उपयोग में किया जाएगा।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांकः-.....

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रार्थी शिव भगवान पुत्र श्री रामनारायण जाति बिश्नोई साकिन वार्ड नं. 24 नया 33 रावतसर ने आवेदन कर अपने दानग्रही आवासीय भूखंड साईज 645.15 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा द्वारा दिनांक 08.02.2022 को श्री रामनारायण पुत्र श्री मघाराम के नाम से 645.15 वर्गगज का जारीशुदा है। उक्त मूल आवंटी ने जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 23.12.2024 के द्वारा अपने पुत्र श्री शिव भगवान को साईज 645.15 वर्गगज का बैचान कर दिया। अब प्रार्थी दानग्रही भूखंड का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.षि./2025/ दिनांकः-05.02.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों द्वारा भूखंड का पुर्नगठन करने हेतु आवेदन किया हैः-

क्र. सं.	नाम व पिता/ पति का नाम	कॉलोनी	भूखंड सं.	भूखंड साईज	पुर्नगठन साईज
01	श्रीमती विश्व ज्योती पत्नी श्री दलीप कुमार मेघवाल	सुड़ा कॉलोनी प्रथम	22 व 23	25'X50' (प्रत्येक)	50'X50'
02	श्री गुरजन्ट सिंह पुत्र श्री जग्गा सिंह जाति बाजीगर	जन्नत जमी पर	ई-12 व ई-13	30'X60', 15'X 60' (1/2 हिस्सा)	45'X60'

अतः उक्त आवासीय भूखंडों का पुर्नगठन करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करसकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

आपके सूझबूझ से उठाएं गए कदम
आपके सुखद भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं
ऑनलाइन भी उपलब्ध
एलआईसी का
निवेश प्लस
UIN: 512L317V02 | Plan No: 749
एलआईसी के निवेश प्लस, एक यूनिट लिंक्ड इंश्योरेन्स प्लान में एक बार भुगतान के साथ निवेश कीजिए
अपनी पसंद के साथ 4 फ़ंड्स में से निवेशित पूंजी में वृद्धि के हितलाभ के साथ जीवन बीमा संरक्षण
ग्रोथ फ़ंड | बैलेन्स्ड फ़ंड | सिक्योर्ड फ़ंड | बॉण्ड फ़ंड
बीमा राशि का प्रकार तथा निवेश फ़ंड चुनने की अनुकूलता
गारण्टीड एडीशन्स उपलब्ध
पॉलिसी को 5 वर्ष के पश्चात बिना किसी स्थगन शुल्क के अभ्यर्पित किया जा सकता है
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत बचत योजना
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever
IRDAI Regn No.: 512
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/41/Hin
नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प